10 रु. COURT FEE Rs.10 INDIA दस रुपये TEN RUPEES

7

न्यायालय : माननीय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक १२०१४ ... निगरानी

जयनारायण पुत्र श्री मथुरालाल, जाति कुम्हरा, (प्रजापति) आयु ५५ वर्ष, निवासी ग्राम जानपुरा, तहसील व जिला श्योपुर (म०प्र०)

---अपीलार्थी

बनाम

मध्यप्रदेश शासन ---रिस्पोण्डेण्ट

निगरानी अन्तर्गत धारा ५० म०प्र० भू-राजस्व संहिता १९५९ विरुद्ध आदेश दिनांक २८-८-१२ जो कि श्री अपर आयुक्त चंबल संभाग, मुरैना द्वारा प्रकरण क्रमांक ७४।११-१२ निगरानी वउनवान जयनारायण बनाम म०प्र० शासन ।

माननीय महोदय,

अपीलार्थी की ओर से अपील निम्नलिखित प्रस्तुत है-

संक्षिप्त तथ्य :

(अ) यहकि, मौजा जानपुरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक ७ का ७ मिन के अंश भाग रकबा ६ बीघा पर अपने पिता के समय से काबिज होकर खेती करता चला आ रहा है। अपीलार्थी के पिता का नाम पटवारी अभिलेख के खसरा सं० २०३० के सं० २०३६ तक लगातार चला आ रहा था, उसके बाद अपीलार्थी का कब्जा अंकित है।

(ब) यहकि, अपीलार्थी के पिता मथुरालाल द्वारा एवं अपीलार्थी द्वारा विवादित भूमि के संबंध में शासन को लगान भी अदा किया है, तहसील न्यायालय में विधिवत् रूप से अपीलार्थी को विवादित भूमि का पट्टा प्रदान किया था. जिसका ...

126-I/14

जितेन्द्र त्यागी, एडवो०

आज दि. 4-2-14 को प्रस्तुत

क्लर्क ऑफ कोर्ट राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर

Jitendra Tyagi

XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण कमांक – निग. 426–एक / 14 जिला – श्योपुर

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
2–4–14	प्रकरण का अवलोकन किया एवं आवेदक अधिवक्ता द्वारा ग्राह्यता के बिंदु पर दिए गए तर्कों पर विचार किया एवं आलोच्य आदेश का परिशीलन किया । आलोच्य आदेश के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अधीनस्थ न्यायालय ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत निगरानी को अवधि बाह्य होने से निरस्त किया गया है । अवधि के बिंदु पर अधीनस्थ न्यायलय ने स्पष्ट विवेचना कर निष्कर्ष दिए हैं । इस न्यायालय के समक्ष भी निगरानी 15 माह से अधिक समय के विलंब से पेश की गई है, विलंब क्षमा के संबंध में आवेदक की ओर से कोई ठोस एवं समाधान कारक कारण नहीं दिए गए हैं । दर्शित परिस्थिति में इस प्रकरण में ग्राह्यता के पर्याप्त आधार न होने से निगरानी अग्राह्य की जाती है । परिणामतः यह निगरानी अग्राह्य की जाती है । प्रकरण दाखिल रिकार्ड हो । प्रशा0 सदस्य	